हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम .26 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

4

जिले में होगी मखाना की खेती बतौर पायलट प्रोजेक्ट होगी शुरु





## खबर संक्षेप



### पेड़ा, पनीर और मुर्रा लड्डू के सैंपल की होगी जांच

**रायगढ़।** खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 19 से 23 दिसंबर तक विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को मेसर्स बीएस रेड्डी मुर्रा मिल कायाघाट से रोस्टेड चना खुला का नमूना लिया गया। वहीं 22 दिसंबर को मेसर्स आरके जनरल स्टोर, गोरखा, रायगढ़ से सुंदर सखी मैदा लूज, नटराज मैदा फ्लैक्स पैक्ड एवं अनमोल टॉप रायल बिस्किट पैक्ड के नमूने संग्रहित किए गए। इसी क्रम में 23 दिसंबर को संतोष डेयरी, लाल टंकी चौक, रायगढ़ से पेडा लूज एवं पनीर लूज के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों में साफ.सफाई एवं स्वच्छता की स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### शराब पीने से किया मना गुस्से में बेटे ने पिया जहर

**रायगढ़।** मां ने अपने बेटे को शराब पीने से मना किया तो बेटे जहर सेवन कर अपनी जान दे दी। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। उक्त मामला सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के मालखरौदा थानांतर्गत ग्राम बुंदेली निवासी चन्द्रप्रकाश गवेल पिता केजहाराम गवेल 19 शराब पीने का आदी था। बुधवार को वह शराब के नशे में टुन्न हो कर घर पहुंचा तो उसे इस हालत में देखकर उसकी मां ने शराब पीने से मना किया। मां द्वारा शराब पीने से मना करना युवक को इस कदर नागवार गुजरा कि वह खेत की ओर गया और जहर सेवन कर लिया। परिजनों को जब इस बात की भनक लगी तब वे आनन-फानन में चन्द्रप्रकाश को मालखरौदा स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले गए, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रायगढ़ रेफर कर दिया था। वहीं पीड़ित युवक को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली तहरीर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### स्वास्थ्य शिविर में 499 गर्भवती माताओं की जांच

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 499 गर्भवती माताओं की जांच की गई। इनमें सिविल अस्पताल खरसिया में 24, लैलूंगा विकासखंड में 98, घरघोड़ा में 111, तमनार में 108, पुसौर में 55, चपले में 50, धरमजयगढ़ में 29 एवं लोईंग विकासखंड में 24 गर्भवती माताओं की जांच शामिल है। शासन के दिशा.निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक स्वल्पाहार प्रदान कर उनकी समुचित स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया। प्रत्येक गर्भवती महिला की आवश्यक जांच जैसे हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन, ऊंचाई आदि की गई। साथ ही आयरन व कैल्शियम टैबलेट का वितरण कर महिला चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छताए पोषण एवं सुरक्षित मातृत्व को लेकर विशेष काउंसलिंग की गई।

## बीज निगम ने किसानों को लौटा दी बीज, दी गई अग्रिम राशि भी ले ली वापस

# 19 किसानों से 100 एकड़ में कराई अलसी की खेती, जांच में बीज हो गया फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साढ़े 8 हजार क्विंटल के हिसाब से खरीदी करने का वादा करके बीज निगम ने तीन गांव के 19 किसानों से करीब 100 एकड़ में अलसी की खेती कराई थी। किसानों द्वारा अलसी बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत यह खेती की गई थी, लेकिन जांच में पूरा बीज ही फेल हो गया। हालात यह है कि किसानों को अब अलसी बीज व्यापारियों को औने-पौने दाम में बिक्री करना पड़ रहा है। याने इस सरकारी कार्यक्रम में किसानों को लाखों का नुकसान हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि जो बीज किसानों ने खेतों में बोई थी वह भी सरकारी ही था। ऐसे में या तो सरकारी बीज में कोई कमी थी या फिर किसानों से खेती कराने के बाद उनकी फसल का दाम ही देना मुनासिब नहीं समझा। इस पूरे एपिसोड में बीज निगम की भूमिका को ही लेकर सवाल उठने लगा है। जो भी हो इस सरकारी कार्यक्रम से किसानों को भारी नुकसान होने की बात कही जा रही है। बीते रबी सीजन 2024-25 में बीज प्रक्रिया केंद्र चपले द्वारा अलसी बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत 19 किसानों से अलसी की खेती कराई था। इसमें बोतल्दा, भदरीपाली और डोंगीतराई के किसान शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य अलसी की खेती को बढ़ावा देना और इसका बीज उत्पादन करना था। हालांकि जो मंशा थी वह पूरी तरह से फेल हो गई है। इससे किसानों को जहां लाखों का नुकसान हो गया है। वहीं उनकी मेहनत भी पानी में फिर गया है। उपज होने के बाद जांच के लिए बीज निगम की ओर से बीज प्रमाणीकरण संस्था में भेजी गई थी, लेकिन वहां 19 किसानों के 311 बोरी, याने 158.49 क्विंटल बीज फेल हो गई थी। यह बीज तीन महीने पहले फेल हो गई थी, लेकिन किसानों को अभी उसे लौटाई गई है। उत्पादन के पहले किसानों को दी गई अग्रिम राशि भी वापस ले ली है।

**खास बात**

- उत्पादन के बाद जांच के लिए भेजी गई थी लैब



**8500 का वादा, 85 रुपए भी नहीं मिला**

सरकारी कार्यक्रम के तहत लगाई गई बीज का प्रति क्विंटल 8500 देने का वादा किया गया था, लेकिन किसानों को 85 रुपए भी सरकारी राशि नहीं मिली। बल्कि उनका जो खर्च हुआ था उसकी भी भरपाई नहीं हो पाई। कुल मिलाकर सरकारी बीज उत्पादन में किसानों को ही नुकसान हो गया है।

**40.050 हेक्टेयर था पंजीकृत एरिया**

अलसी बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए 19 किसानों का करीब 40.050 हेक्टेयर एरिया पंजीकृत था। याने करीब 100 एकड़ में अलसी बीज के लिए खेती की गई थी। जानकारी के अनुसार किसानों द्वारा फसल तैयार हुई तो मिंझाई और साफ- सफाई करने के बाद किसानों ने बीज निगम को पूरी फसल दे दी। वहां से सभी का सेंपल जांच के लिए भेजी गई, लेकिन फेल हो गई। तीन महीने तक रखने के बाद अब बीज लौटाई जा रही है। बीज उठाने के लिए किसानों को नोटिस जारी की गई है।

## प्लेसमेंट कैम्प 30 को, 288 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 30 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण.पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर कैम्प में भाग ले सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से कुल 288 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मेण्श्रमीन टेलेन्ट प्राण लिमिटेड नोएडा में फील्ड टेक्नीशियन में रिक्त 250 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसका कार्य क्षेत्र रायगढ़, पुसौर, बरमकेला, लेन्ध्रा, गुडेली, सारंगढ़, सरिया, खरसिया एवं धरमजयगढ़ है। इसी तरह मे. एनआईआईटी लिमिटेड भिलाई दुर्ग में एचडीएफसी एवं एक्सीस बैंक में एस्ट मैनेजर में 20 पद तथा होटल श्री साई श्रद्धा में हाऊस कीपिंग में 10 पद, सिक्यूरिटी गार्ड 2 पद एवं वेटर के 6 पदों पर भर्ती की जाएगी।

## ऑक्सीजोन बनाने के नाम पर पेड़ों की कटाई, विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के कबीर चौक स्थित किसान राइसमिल के पास बन रहे ऑक्सीजोन में पेड़ों की अवैध कटाई और खड़ी बाउंड्रीवॉल तोड़ने को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रर्दशन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात है कि वर्तमान में शहर के कई स्थानों पर ऑक्सीजोन बनाने का काम चल रहा है। इसी के तहत शहर के कबीर चौक के किसान राइसमिल के पास भी ऑक्सीजोन का निर्माण किया जा रहा है। ऑक्सीजोन के निर्माण के लिए यहां पहले से मौजूद पेड़ों को काटा जा रहा है, जिसका विरोध करते हुए जिला कांग्रेस द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि कबीर चौक में ऑक्सीजोन के नाम पर बस पैसों की बर्बादी की जा रही है। हरे भरे पेड़ों को काट कर कांक्रीट का ऑक्सीजोन बनाया जा रहा है। ऑक्सीजोन के लिए वहां पर पहले से जो पेड़ हैं उन्हें क्यों काटा जा रहा है, क्या उससे हवा नहीं मिलता है। वहीं उस स्थान पर जो बाउंड्रीवाल थी उसका भी प्रयोग किया जा सकता था,लेकिन बेवजह उसे भी तोड़ दिया गया, यह सब सिर्फ पैसों की बर्बादी है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम के कहा गया कि ऑक्सीजोन बनने वाले स्थान पर पहले से ही सागौन के बड़े-बड़े पेड़ स्थित थे, जिसे काट दिया गया। जबकि सागौन जैसे पेड़ों को काटने से पहले परमिशन ली जाती है।



**जारी होगा नोटिस अधिकारी संतुष्ट होंगे तभी जुड़ेगा नाम**

## एसआईआर में खुलासा, 19 हजार मतदाता लापता, फिर एक महीने का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में एसआईआर का प्रथम चरण पूरा हो चुका है। बीएलओ नें घर घर जाकर सर्वे किया, मतदाताओं से फार्म भरने की खूब अपील की गई, जिन्होंने फार्म जमा किया उनका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया। वहीं जो लोग बार बार तिथि बढ़ाने के बाद भी फार्म नहीं भरे उन्हें अब नाम जुड़वानें के लिए चक्कर लगाना पड़ेगा।

दस्तावेज पेश करने के बाद अधिकारी संतुष्ट होंगे तभी मतदाता का नाम सूची में जुड़ पाएगा। मंगलवार को जिले में मतदाता सूची जारी कर दी। जारी की गई सूची के मुताबिक इसमें 19341 वोटर ऐसे मिले हैं जो 2003 की सूची में परिजनों से जुड़ा कोई प्रमाण नहीं दे सके हैं। अब इनको नोटिस दिए जाएंगे। रायगढ़ सीट पर दस हजार से ज्यादा लोग ऐसे हैं। एसआईआर के बाद अब मतदान केंद्रों की संख्या भी 1156 से बढक़र 1217 हो जाएगी। एसआईआर के बाद अब जिले की चारों विधानसभाओं में मतदान केंद्रों की संख्या 1156 से बढक़र 1217 हो जाएगी। एसआईआर के बाद सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा अनमैपिंग वोटर्स का है। ऐसे 19341 मतदाता हैं जिन्होंने 2003 की सूची में अपने माता-पिता, या किसी अन्य संबंधी की जानकारी नहीं दी है। अब इन 19341 लोगों को नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद उनको दोबारा फॉर्म भरकर वैधता साबित करने दस्तावेज देने होंगे। सबसे ज्यादा फॉर्म रायगढ़ विधानसभा से ही वापस नहीं आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक रायगढ़ विधानसभा के कुल फॉर्म में से 36 हजार 59 फॉर्म वापस ही नहीं आए हैं। इस मामलें में दूसरे नंबर पर खरसिया विधानसभा का नंबर आता है, जहां से 16 हजार 35 फॉर्म जमा नहीं किए गए हैं। इसी तरह लैलूंगा से 15 हजार 713 फॉर्म और धरमजयगढ़ से 13 हजार 181 फॉर्म लोगों के द्वारा जमा नहीं किया गया है।



**विधानसभावार एसआईआर की जानकारी**

| विस | वोटर | मृत | एबसेंट | शिफ्टेड | डुप्लीकेट | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लैलूंगा | 2,09,961 | 4179 | 2147 | 8731 | 585 | 71 |
| रायगढ़ | 2,67,099 | 5824 | 13835 | 14851 | 1366 | 183 |
| खरसिया | 2,20,029 | 3610 | 1592 | 10153 | 631 | 49 |
| धरमजयगढ़ | 2,17,580 | 5310 | 1139 | 6115 | 593 | 24 |
| कुल संख्या | 9,14,669 | 18,923 | 18,713 | 39,850 | 3175 | 327 |

**18 हजार मृतकों का नाम अब तक था दर्ज**

मतदाता सूची में अब तक 18923 ऐसे वोटर्स का नाम दर्ज था जिनकी मौत हो चुकी है। हो सकता है ऐसे लोगों को नाम पर दूसरे लोग वोट भी अब तक कर रहे हों। मौत होने के बावजूद चुनावी प्रक्रिया में इनका डाटा मौजूद था। वहीं 39,950 वोटर दिए गए पतों पर ही नहीं मिले। ये लोग दूसरे राज्य या शहर में हमेशा के लिए शिफ्ट हो चुके हैं। 3175 मतदाता ऐसे मिले जिनके नाम रायगढ़ के साथ कहीं और भी दर्ज हैं। इनमें ज्यादातर संख्या ओडिशा, उप्र और बिहार के निवासियों की है। अब इनका नाम रायगढ़ से कटेगा। राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग वर्ष में होने की वजह से ये लोग दोनों जगहों पर मतदान कर रहे थे।

## कांकेर में हुए हिंसा के खिलाफ बंद रहा रायगढ़





**रायगढ़।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा में कथित धर्म परिवर्तन और आदिवासियों के साथ की गई बर्बरता की घटना को लेकर सर्व समाज ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था। जिसका रायगढ़ में असर देखने को मिला। बंद के आह्वान के चलते शहर में सुबह से ही अधिकांश दुकानें बंद रहीं। रायगढ़ के मेन बाजार सुभाष चौक, श्याम टॉकीज रोड, स्टेशन रोड, चक्रधर नगर रोड, ढिमरापुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में आमतौर पर जहां दुकानें सुबह 10 बजे तक खुल जाती हैं, वहां बुधवार को बंद का असर स्पष्ट रूप से नजर आया। हालांकि रायगढ़ बाजार बुधवार को बंद भी रहता है, उसका असर भी देखने को मिला। बंद की वजह से लोगों को पेट्रोल से लेकर नाश्ते तक के लिए परेशान होते देखा गया। हालांकि दोपहर के बाद धीरे धीरे कुछ दुकानें खुलने भी लगी थी।

सर्व समाज के लोग के द्वारा सुबह से ही शहर में भ्रमण करते दुकानें बंद करने की विनती की गई।हालांकि कहीं से किसी प्रकार की जबरदस्ती या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बंद को समर्थन देने के कारण अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

**बंद को व्यापारियों का समर्थन**


चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री मनीष उदासी ने बताया कि, सर्व समाज ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था। जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बंद को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि देश हित में यह निर्णय लिया गया है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छोटे व्यापारियों, कच्चा व्यापार करने वालों और डेयरी जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़ी दुकानों को बंद से छूट दी गई है।

## ड्राईफ्रूट दुकान में लगी आग, दमकल से पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार की रात पुरानी हटरी स्थित एक ड्राई फ्रूट्स की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, सिंधी कॉलोनी निवासी मनीष बलेचा पुरानी हटरी क्षेत्र में मनीष ड्राई फ्रूट्स दुकान का संचालन करते हैं।

मंगलवार को दिनभर दुकान संचालित करने के बाद रात में दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें बाहर तक दिखाई देने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने जब यह देखा तो तत्काल इसकी जानकारी दुकानदार मनीष बलेचा को दी गई और दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। दमकल विभाग की टीम दो दमकल वाहनों की मदद से करीब दो से ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में दुकान के भीतर रखा ड्राई फ्रूट्स और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।



**हो सकती थी बड़ी घटना**

हटरी के अंदर दुकान के बगल में और भी कई दुकानों का संचालन किया जाता है,अगर समय रहते इस पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी घटना घटित हो सकती थी,जिला सेनानी अधिकारी ब्लासियुज कुजूर ने बताया कि, सूचना मिलने पर तत्काल दमकल वाहन मौके पर भेजे गए थे। दो दमकल वाहनों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

### सुबह से ही शहर के गिरजाघरों में होगी प्रार्थना सभा व विविध कार्यक्रम

## मध्यरात्रि प्रभु यीशु ने लिया जन्म, मसीही समाज ने की विशेष प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

क्रिसमस से एक दिन पहले बुधवार को गिरजाघरों में आधी रात प्रभु यीशु का जन्म हुआ। प्रभु यीशु के जन्म का उत्साह मनाने विभिन्न आयोजन व कार्यक्रम हुए।शहर के विश्वासगढ़ चर्च में रात 11 बजे तक नाटक मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

वहीं आज सुबह विशेष प्रार्थना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसी कड़ी में रामभाठा चर्च में भी शाम छह बजे से ही गिरजाघरों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगा। इस तरह क्रिसमस जलसा आधी रात तक चला। रात को मसीही समाज के लोगों ने केक काटकर प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया। शहर के विश्वासगढ़ चर्च के साथी मिशनरीज का चैरिटी के गिरजाघर में भी प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की धूम रही। आधी रात को शहर के गिरजाघरों में ईसाई समुदाय ने क्रिसमस मनाया। विश्वासगढ़, रामभाठा, बोईरदादर स्थित गिरजाघरों में रविवार को सुबह से ही पूजा और सेलिब्रेशन शुरू हो गया था।घरों में कैरोल सिंगिग और चर्च में प्रवचन समेत स्पर्धाएं चल रही थीं। मसीही समुदाय प्रभु के आगमन की तैयारी में लगा रहा।बुधवार देर रात लोगों ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। समाज के लोग गिरजा घरों में जाकर अमन शांति की दुआ की। विश्वासगढ़ के डेकन अजय पाल ने बताया कि मसीही समाज के लिए यह सबसे बड़ा दिन माना होता है।



**आज सुबह गिरिजाघरों में होगी प्रार्थनासभा और कार्यक्रम**

शहर के गिरजाघरों में आज सुबह से ही मसीही समाज के द्वारा विशेष प्रार्थनासभी का आयोजन किया जाएगा ।इसके साथ ही घर-घर में धूमधाम प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मानने के दौर शुरू हो जाएगा। विश्वासगढ़ चर्च के डेकन अजय पाल ने बताया कि गुरूवार सुबह 10 से विश्वासगढ़ चर्च में विशेष आराधना होगी। क्राइस्ट के जन्मोत्सव पर विशेष प्रवचन होगा। इसके बाद दोपहर 12 से रात 10 बजे तक आम लोगों के लिए चर्च खुला रहेगा। मसीहियों के साथ ही अन्य समुदाय के लोग जन्मोत्सव पर सजाई गई झांकियां देख सकेंगे।

## साढ़े नौ लाख एमटी का डीओ कटा 67 हजार एमटी धान का हुआ उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अब तक कुल खरीदे गए धान में से 92882.6 एमटी धान का डीओ जारी कर 66605.3 एमटी धान का उठाव किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में किसानों को 38 हजार 657.08 लाख रुपए लगभग 386.57 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

समयबद्ध भुगतान से किसानों में संतोष का वातावरण है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। जिले में अब तक 16 हजार 768 कृषकों द्वारा कुल 1 हजार 767.57 हेक्टेयर कृषि रकबा समर्पित किया गया है। यह प्रक्रिया शासन के दिशा.निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित की जा रही है। धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। विशेष रूप से अंतरजिला एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में मैदानी अमला लगातार निगरानी कर रहा है। अब तक कुल 140 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 37 हजार 704.60 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस सख्त कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समर्थन मूल्य प्रणाली का दुरुपयोग न हो और वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिले। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी अभियान की निरंतर समीक्षा की जा रही हैए ताकि शेष किसानों को भी निर्बाध सुविधाए पारदर्शी प्रक्रिया और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### बजरंग दल का प्रदर्शन, हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी राउरकेला के बिसरा चौक पर मंगलवार की शाम पांच बजे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अपने आक्रोश का खुलकर इज़हार किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता बैनर तले एकजुट होकर खड़े रहे, हाथों में भगवा झंडे लहराते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए। साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ तथा बांग्लादेश के खिलाफ नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों में खासा आक्रोश और नाराज़गी देखने को मिली।

### सप्ताह भर में राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के दो मामले

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी राउरकेला के विभिन्न हिस्सों में बीते एक सप्ताह के भीतर तिरंगे के अपमान के दो अलग अलग मामले सामने आए हैं। पहली घटना 17 दिसंबर को छेंड कॉलोनी स्थित आदर्श पार्क के पास सामने आई जहां किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को कचरे में फेंक दिया गया था। उसी समय वहां मौजूद स्थानीय युवाओं ने सजगता दिखाते हुए तिरंगे को सम्मानपूर्वक उठाया और सुरक्षित स्थान पर रखकर उसका मान बनाए रखा। इसी तरह बुधवार को दूसरा मामला सरना चौक से देवगांव जाने वाले मार्ग पर कचड़ा पुलिया के नीचे सामने आया, जहां कचरे के ढेर में राष्ट्रीय ध्वज पड़ा हुआ देखा गया। यह दृश्य राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए बेहद पीड़ादायक रहा।

### पुलिस की क्रीड़ा स्पर्धा में खेल और एकता का संगम

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिला का वार्षिक पुलिस खेलकूद महोत्सव बीते रविवार को रिजर्व पुलिस परेड ग्राउंड में भव्य और ऊर्जावान समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव का आयोजन 19 से 21 दिसंबर के बीच किया गया। जिसमें जिले की विभिन्न पुलिस इकाइयों से लगभग 600 पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों ने एथलेटिक्स सहित विभिन्न टीम और व्यक्तिगत खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने न केवल उत्कृष्ट शारीरिक फिटनेस का परिचय दिया, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना के उच्च मानदंड भी स्थापित किए। प्रतिस्पर्धा के साथ साथ आपसी सहयोग और प्रोत्साहन ने यह दर्शाया कि पुलिस बल के लिए खेल मानसिक मजबूती और शारीरिक तत्परता का सशक्त माध्यम हैं।

### जिले में नहीं थम रहा हाथी व मानव संघर्ष

**राउरकेला।** घने जंगलों से घिरे सुंदरगढ़ जिले में हाथी मानव संघर्ष गंभीर रूप ले चुका है। बीते एक वर्ष से हाथियों के झुंड लगातार जंगल छोड़कर गांवों और आबादी की ओर बढ़ रहे हैं। रात के समय हाथियों के झुंड गांवों में घुसकर घरों को तोड़ रहे हैं और धान व सब्जियों की फसलों को खाकर व रौंदकर नष्ट कर रहे हैं। जंगल से सटे गांवों के लोग हाथियों के भय से अधिकांश रातें जागकर गुजार रहे हैं। कई स्थानों पर ग्रामीण बारी बारी से पहरा दे रहे हैं जबकि अनेक परिवार डर के कारण अपने घर छोड़कर अन्य गांवों में शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। लाठीकाटा ब्लॉक के रुटुकुपेड़ी, फिकड़चुंडी, बड़दलकी, डोलाकुदर, पटबेड़ा, बुधीकुदर, मुंडाजोर और नुआगांव जैसे गांवों में किसान खेतों को परती छोड़ने लगे हैं। बीते तीन वर्षों में राउरकेला वन मंडल के अंतर्गत 1053 गांव और बस्तियां हाथियों से प्रभावित हुई हैं। इस दौरान 509 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 1132.41 एकड़ भूमि में लगी फसल नष्ट हुई है। इसमें 916.719 एकड़ धान और 212.681 एकड़ सब्जी की खेती शामिल है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में 177, 2024 में 235 और 2025 में 97 घर तोड़े गए, जबकि 28 से अधिक परिवार पूरी तरह बेघर हो चुके हैं। बढ़ते नुकसान ने किसानों और ग्रामीणों की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी है।

## आतिशबाजी से रोशन हुआ आसमान

# रात 12 बजते ही गूंजे प्रभु यीशु के गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



प्रभु यीशु के जन्म पर्व क्रिसमस की खुशियां गुरुवार देर रात जिलेभर में उल्लास के साथ मनाई गईं। 24 दिसंबर की रात आयोजित विशेष प्रार्थना अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में चर्चों में उमड़े।

कुनकुरी महागिरजाघर में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए प्रार्थना सभा कक्ष के बाहर भी भव्य पंडाल लगाए गए, जहां तक साउंड सिस्टम के माध्यम से प्रार्थना की आवाज पहुंचाई गई। जशपुर शहर के संत इग्नासियुस चर्च में भी क्रिश्चियन समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए। रोजरी की महारानी महागिरजाघर में विशप इम्मानुएल केरकेट्टा द्वारा मिस्सा पूजा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। प्रभु यीशु के जन्म पर्व को लेकर जिले की 56 चर्चों में व्यापक तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालु बुधवार की रात 10 बजे तक चर्च पहुंच चुके थे और इसी समय से प्रार्थना व बाइबल पाठ प्रारंभ हो गया। पल्ली पुरोहितों ने प्रभु यीशु के आगमन का संदेश देते हुए बाइबल पाठ किया। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक प्रार्थना में भाग लिया। रात 12 बजते ही प्रभु यीशु के जन्म का संदेश सुनाया गया। इसके बाद एक-दूसरे को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हुआ। चर्चों के बाहर पटाखे फोड़े गए और आसमान रंगीन रोशनी से जगमगा उठा। आधी रात के बाद चर्चों में प्रभु यीशु के भक्ति गीत गूंजने लगे, जिनमें मसीही समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से सहभागिता की।

### लाइट, झालर और कैंडल से सजे चर्च

क्रिसमस के अवसर पर जिलेभर के चर्चों को आकर्षक लाइटिंग, झालर और कैंडल से सजाया गया था। प्रार्थना में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोगों ने सप्ताह भर पहले से तैयारी की थी। दिनभर चर्च परिसरों में व्यवस्थाएं की जाती रहीं। श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध बैठाने के लिए कुर्सियां और बेंच लगाई गईं। भीड़ को देखते हुए हॉल के मुख्य द्वार पूरी तरह खोलकर बाहर पंडाल लगाए गए।

### चरनी बनी आकर्षण का केंद्र

चर्चों में सजी चरनी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कुनकुरी महागिरजाघर में कई स्थानों पर सुंदर और भव्य चरनी सजाई गई थी। इसके अलावा कई परिवारों ने अपने घरों में भी चरनी बनाई। मान्यता के अनुसार प्रभु यीशु का जन्म गौशाला में हुआ था, इसलिए उस दृश्य को चरनी में दर्शाया जाता है। चरनी में प्रभु यीशु, माता मरियम, यूसुफ, गडरिये और अन्य पात्रों की आकृतियां सजाई गई थीं। इसे और आकर्षक बनाने के लिए आर्टिफिशियल प्लांट, झालर और लाइट का उपयोग किया गया।जिले भर में क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, शांति और उल्लास के साथ मनाया गया। आधी रात तक गूंजते भक्ति गीतों और रोशनी से सजे चर्चों ने पूरे जशपुर जिले को त्योहार के रंग में रंग दिया।



## ट्रैफिक नियमों पर जीरो टॉलरेंस स्टंटबाजों को पुलिस ने सिखाया सबक

■ क्रिसमस–नववर्ष से पहले पुलिस का बड़ा एक्शन

**जशपुरनगर।** क्रिसमस और नववर्ष के त्यौहार को देखते हुए जिले में बढ़ती आवाजाही और संभावित सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए जशपुर पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के स्पष्ट निर्देश पर जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस सघन अभियान के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीड, मोडिफाइड साइलेंसर, बिना नंबर प्लेट और शराब पीकर वाहन चलाने जैसे मामलों में पुलिस ने कुल 120 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 44 हजार 300 रुपये का जुर्माना वसूला। थाना कुनकुरी क्षेत्र में तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार में स्टंट कर रहे बाइकर्स पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस ने न सिर्फ चालानी कार्रवाई की, बल्कि मौके पर ही उठक-बैठक कराकर युवकों को ट्रैफिक नियमों का महत्व समझाया।कुनकुरी क्षेत्र में कुल 12 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 3 मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू,2 प्रकरण माननीय न्यायालय में पेश,1 मामला धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट ,शराब पीकर वाहन चलाना शेष 6 मामलों में बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट और तीन सवारी पर 3600 रुपये जुर्माना किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि दोबारा नियम तोड़ने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिलेभर में चला चालान का डंडा

जशपुर जिले के अलग- अलग थाना व चौकी क्षेत्रों में की गई कार्रवाई की गई है। मनोरा 6 प्रकरण 1800 रुपए, आरा 3 प्रकरण 900 रुपए, लोदाम 8 प्रकरण 2400 रुपए, दुलदुला 11 प्रकरण 3300 रुपए, आस्ता 10 प्रकरण 3800 रुपए, सन्ना 6 प्रकरण 2200 रुपए, सोनक्यारी 1 प्रकरण 500 रुपए, बगीचा 2 प्रकरण 3000 रुपए, नारायणपुर 1 प्रकरण 300 रुपए, तपकरा 7 प्रकरण 2100 रुपए, करडेगा 5 प्रकरण 1900 रुपए, ऊपरकछार 15 प्रकरण 6500 रुपए, कांसाबेल 3 प्रकरण 1100 रुपए, फरसाबहार 3 प्रकरण 900 रुपए, पत्थलगांव 11 प्रकरण 4900 रुपए, बागबहार 2 प्रकरण 800 रुपए, कोल्हेनझरिया 6 प्रकरण 1700 रुपए, यातायात पुलिस जशपुर 8 प्रकरण 2600 रुपए समेत पूरे जिले में 120 प्रकरणों में 44,300 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## आमाबेड़ा घटना के विरोध में सड़कों पर उतरा सर्व समाज, बाजार रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कांकेर जिले के आमाबेड़ा में कथित मतांतरण और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में बुधवार को जशपुर में सर्व समाज के आह्वान पर जोरदार बंद देखने को मिला। बंद का शहर में व्यापक असर रहा। सुबह से ही अधिकांश दुकानों में ताले लटके रहे। क्रिसमस का बाजार होने के बावजूद शहरवासियों ने बंद को पूरा समर्थन दिया।दोपहर के समय सर्व समाज के सैकड़ों लोग बालाजी मंदिर के पास एकत्र हुए। यहां से आक्रोश रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए लोग रणजीता स्टेडियम स्थित सभा स्थल पहुंचे, जहां विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए सर्व समाज के संयोजक कृपाशंकर भगत ने कहा कि आमाबेड़ा की घटना और इसके बाद प्रशासन का रवैया हिंदू समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि यदि अब भी समाज नहीं जागा तो मतांतरण के कारण अस्तित्व पर संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतांतरण का सबसे अधिक दुष्प्रभाव जनजातीय समाज पर पड़ रहा है, जिससे उसकी परंपराएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पहचान खतरे में हैं। सरकार को चाहिए कि धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम को कठोरता से लागू करे। देवधन नायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि मतांतरण कराने वालों और कराने वालों को यह याद रखना चाहिए कि वे आरक्षण सहित कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने समाज से अपने पूर्वजों के मूल धर्म में अडिग रहने की अपील की। बताया मतांतरण को गंभीर चुनौती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक करणपाल सिंह ने आमाबेड़ा की पूरी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि मतांतरण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है। इसे हल्के में लेना भविष्य के लिए घातक साबित हो सकता है।कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश तिवारी ने किया।

### हनुमान चालीसा पाठ, फिर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

सभा के बाद धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात जशपुर के एसडीएम वीआर मस्के को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आमाबेड़ा प्रकरण के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई, धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और कांकेर के एसपी सहित जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की गई।आंदोलन का समापन दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

धरना-प्रदर्शन में आरएसएस के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर, वनवासी कल्याण आश्रम के महामंत्री योगेश बापट, जशपुर विधायक रायमुनि भगत, भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार राय और राजीव नंदे विशेष रूप से मौजूद रहे।

### खेत में लगे फसल नष्ट लोगों ने किया प्रदर्शन

**राउरकेला।** डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड द्वारा लांजीबेरना क्षेत्र में कृषि भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर फसलों को नष्ट किए जाने के विरोध में ग्रामीणों, अंचलवासियों व स्थानीय नेताओं का धरना जारी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 13 दिसंबर की मध्यरात्रि को प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में स्थानीय किसानों की सहमति के बिना ही चना और मसूर की खेतों में बोई गई फसलों को नष्ट कर दिया गया जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।

## किसानों का सम्मान और सशक्तिकरण का मना उत्सव



**सुंदरगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र, सुंदरगढ़ किरेई में राष्ट्रीय किसान दिवस एवं किसान सम्मान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया तथा किसानों के लिए एक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के किसानों को संबोधित किया और नवप्रवर्तित विकसित भारत सुनिश्चित रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी राम अधिनियम, 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 100 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। कृषि विज्ञान केंद्रए सुंदरगढ़द्1 की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ लक्ष्मीप्रिया प्रधान ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री कुंती प्रधान तथा सम्मानित अतिथि के रूप में जिला परिषद के मुख्य विकास एवं कार्यकारी अधिकारी सुरंजन साहू उपस्थित रहे।

## कोहरे व कड़ाके की ठंड में भी नहीं थमता सेवा संकल्प, भोर से पहले जुट जाते हैं स्वच्छता योद्धा



**राउरकेला।** जब सुबह के शुरुआती पहर में राउरकेला शहर घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में रहता है, उस समय भी नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए राउरकेला के स्वच्छता कर्मी पूरे समर्पण के साथ अपने कर्तव्य में जुटे रहते हैं। हाथों में झाड़ू और मन में सेवा भाव लिए ये फ्रंटलाइन कर्मी भोर से पहले ही सड़कों पर उतर जाते हैं, ताकि शहर स्वच्छ वातावरण के साथ दिन की शुरुआत कर सके। प्रतिकूल मौसम और शीतलहर के बावजूद राउरकेला नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता कर्मचारी नियमित रूप से सफाई अभियान को अंजाम दे रहे हैं। उनके निरंतर प्रयास न केवल शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि बीमारियों के प्रसार को रोकने और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह सतत स्वच्छता अभियान भारत सरकार की स्वच्छ भारत मिशन शहरी की भावना के अनुरूप संचालित किया जा रहा है, जिसे ओडिशा सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय का सक्रिय समर्थन प्राप्त है। साथ ही यह पहल स्वच्छ सर्वेक्षण का भी अहम हिस्सा है, जो राउरकेला को एक स्वच्छ, स्वस्थ और रहने योग्य स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## एमसीएल विस्थापितों का धरना, प्रशासन ने दिया समाधान का आश्वासन



**सुंदरगढ़।** हेमगिरि ब्लॉक अंतर्गत एमसीएल विस्थापित रतनसरा गांव के ग्रामीणों ने मुआवजा, रोजगार एवं पुनर्वास की मांग को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना शुरू किया। प्रशासन की ओर से एक माह के भीतर समस्याओं के समाधान का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तय समयसीमा में मांगें पूरी नहीं हुईंए तो एक माह बाद खदान बंद आंदोलन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रतनसरा गांव को वर्ष 1987 में कोयला धारक अधिनियम के तहत 14 अन्य गांवों के साथ प्रतिबंधित घोषित किया गया था। इसके बाद से ग्रामीणों को भूमि की खरीद फरोख्त, बैंक से शिक्षा ऋण सहित कई बुनियादी सुविधाओं के लिए गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस मुद्दे को लेकर गोपालपुर गांव के ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें न्यायालय ने ग्रामीणों के पक्ष में आदेश दिया। बाद में एमसीएल द्वारा इस आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई।

## सिविल टाउन का सार्वजनिक पार्क बदहाल, जल संरक्षण योजना फेल



**राउरकेला।** शहर के रिहायशी इलाके सिविल टाउन स्थित बी फॉर निकट सामने के फ्रेंड्स पार्क जो कभी स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, सैर और सामाजिक मेल जोल का प्रमुख केंद्र हुआ करता थाएआज बदहाली का शिकार है। सिविल के बी 4 ब्लॉक के सामने स्थित यह पार्क प्रशासनिक उदासीनता और रखरखाव की कमी के चलते अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। पार्क में लगाए गए ओपन जिम के अधिकांश उपकरण खराब पड़े हैं। कई मशीनें जंग खा चुकी हैं तो कुछ पूरी तरह निष्क्रिय हैं। नियमित रखरखाव के अभाव में लाखों की लागत से लगाए गए ये उपकरण अब केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। सुबह शाम टहलने वालों के लिए बना वॉक पथ जगह जगह से टूट चुका है। बैठने की व्यवस्था भी जर्जर हो गई है, जिससे बुजुर्गों और महिलाओं को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पार्क में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण रात के समय यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। जगह जगह शराब की खाली बोतलें और टूटे कांच पड़े हैं, जो बच्चों और आम नागरिकों के लिए खतरा बने हुए हैं। पार्क में नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है। कूड़ा कचरा फैला हुआ है, जिससे न केवल गंदगी बढ़ रही है बल्कि दुर्गंध और बीमारियों का भी खतरा बना हुआ है। यहां स्थित महिला शौचालय की हालत अत्यंत दयनीय है। गंदगी के साथ साथ शौचालय का गेट टूटा पड़ा है, जिससे महिलाओं को भारी असुविधा हो रही है।

## श्रीकृष्ण ने अटरिया से फोड़ी मटकी, माखन चोरी के वर्णन के बाद हुई गोवर्धन पूजा

# भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने श्रीकृष्ण ने की बाल लीला: राधेप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

■ लगे छप्पन भोग मटकी फोड़ लीला देख झूमे श्रद्धालु

धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन भक्ति की ऐसी बयार बही कि पूरा पंडाल 'राधे-राधे' के जयकारों से गूंज उठा। वृन्दावन से पधारीं सुश्री राधेप्रिया ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा सजीव वर्णन किया कि श्रोता भावविभोर हो गए। कथा के दौरान माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजा के प्रसंगों के साथ-साथ झांकियों का सुंदर मंचन किया गया। उल्लेखनीय हैं कि 20 से 26 दिसंबर तक चल रहे इस आयोजन में आचार्य बलराम ब्रजवासी जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है।







**छप्पन भोग का प्रसाद और विशाल भंडारा:** गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। कथा विश्राम के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ। साथ ही रोजाना जनसहयोग से विशाल अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें कोतबा और आसपास के दर्जन भर गांवों के हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

### इन्द्र का मान मर्दन करने श्रीकृष्ण ने उठाया था गोवर्धन पर्वत

कथा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए व्यास जी सूश्री राधेप्रिया जी ने गोवर्धन पूजा का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी इन्द्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्मप्रधान बनने और प्रकृति स्वरूप गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर इन्द्र का अभिमान चूर किया। अंततः इन्द्र ने अपनी हार मानी और ब्रज में फिर से खुशहाली लौटी।

### अटरिया से मटकी फोड़ी, झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से 'मटकी फोड़' प्रसंग का मंचन बेहद रोमांचक रहा। श्रीकृष्ण रूपी बाल कलाकार ने अटरिया से लटकती मटकी को फोड़कर माखन चोरी का दृश्य जीवंत कर दिया। इस दौरान वृन्दावन से आए संगीतकारों ने ₹सुन रे मदन गोपाल, अटरिया से मटकी फोड़ी₹ भजन गाया, जिस पर महिला-पुरुष और बच्चे झूमते-नाचते नजर आए।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# किआरा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं किआरा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार किआरा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में किआरा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर किआरा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर किआरा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर किआरा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

हॉलीवुड मसाला




# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं।



'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### *प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता*

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### *डॉन 3 हुई पोस्टपोन*

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स


# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

***नई दिल्ली।** जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गईं।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सब्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।







**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**किआरा** : साल 2025 में किआरा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, किआरा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

